हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

04 सभी पेट्रोल पंपों पर 31 तक पीयूसी चेकिंग...



07 प्रशासन और आमजनों के बीच सेतु बना 'संवाद से...





## खबर संक्षेप



### करबला पुल पर पानी बहने से हादसे का रहता है खतरा

**सीहोर** | शहर के करबला पुल पर इस समय भी पानी ऊपर से बह रहा है। इस कारण सड़क पर फिसलन हो रही है। यहां वाहन चालकों को गिरने का खतरा रहता है। यह पुल सालों पुराना है। इसकी ऊंचाई कम है, जिससे सीवन नदी का पानी ऊपर से बहता है। बरसात में हालत यह हो जाती है कि यह मार्ग काफी समय तक बंद रहता है। बारिश के दिनों में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। पुल के दोनों ओर रेलिंग नहीं होने से समस्या है। यहां से नीचे गिरने का खतरा रहता है। आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। कई लोग बारिश के समय पुल के ऊपर से निकलते समय बह चुके हैं। कई गाड़ियां भी पुल से नीचे गिर चुकी हैं। यह सड़क गणेश मंदिर भी जाती है। मंत्री पेट्रोल पंप इंदौर नाका से लोग गणेश मंदिर इसी मार्ग से जाते हैं। इसलिए इस पुल की जगह नया और अधिक ऊंचाई का पुल बनाया जाना चाहिए, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। लंबे समय से इसे बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### बढ़ते अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों और आम लोगों को करना पड़ता है परेशानी का सामना

# अतिक्रमण पर बड़ा एक्शन, मार्किंग लाइन लांघी तो लगेगा स्पॉट फाइन

जिन स्थानों पर अतिक्रमण हटाया जाएगा, वहां नियमित निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि हटाया गया कब्जा दोबारा न उभर आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर शहर की सड़कें अब सड़कें कम और अवैध कब्जों का अड्डा ज्यादा लगने लगी हैं। मुख्य बाजार से लेकर गलियों तक, पक्के और कच्चे अतिक्रमणों ने जनजीवन की रफ्तार ही रोक दी है। दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैलाने से रोजाना ट्रैफिक जाम, झगड़े और हादसे आम हो चुके हैं। जनता रोजाना परेशानी की आग में झुलस रही है, लेकिन जिम्मेदारों की तरफ़ से खामोशी ने नाराजगी बढ़ा दी थी। सीएम हेल्पलाइन और नगर पालिका में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आखिरकार अब नपा एक्शन मोड में आई है।

#### अब मार्किंग लाइन होगी शहर की नई सीमा

नगर पालिका ने बाजार क्षेत्र में चूने से मार्किंग लाइन डालने की तैयारी कर ली है। दुकानों के सामने दोनों ओर यह लाइन तय सीमा घोषित करेगी। कोई भी व्यापारी या ठेले वाला इस सीमा के पार सामान फैलाता है तो पहले ही मौके पर चेतावनी के साथ न्यूनतम ₹500 और अधिकतम ₹5000 तक स्पॉट फाइन वसूला जाएगा। जिस क्षण सीमा टूटेगी, उसी क्षण जुर्माने की कार्रवाई होगी, यानी अब चेतावनी पर नहीं, सीधे सख्ती पर शहर चलेगा। दोहराने वालों पर कठोर कानूनी कार्यवाही का रास्ता भी खुला रहने वाला है।



#### दो सप्ताह में शुरू होगा बड़ा अभियान

लगातार शिकायतें और भरी हुई गलियों ने प्रशासन को अब निर्णायक कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। दो सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की जाएगी। शुरुआत मुख्य बाजार और प्रमुख सड़कों से होगी, फिर पूरे शहर में अभियान चलेगा। गैरकानूनी कब्जों पर बुलडोजर जैसी कार्रवाई के लिए भी तैयारी की जा चुकी है। नगर पालिका के अतिक्रमण हटाओ दल प्रभारी तिलक खाती के अनुसार अतिक्रमण हटाओ मुहिम जल्द शुरू होगी, मार्किंग लाइन लांघते ही स्पॉट फाइन तय है।

**व्यापारियों के साथ बैठक-सहयोग और सख्ती दोनों साथ** : नपा ने व्यापारियों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। बैठक में दुकानदारों को स्पष्ट कर दिया जाएगा कि सड़क सार्वजनिक है, दुकान का विस्तार नहीं। उनसे सहयोग की अपेक्षा की जाएगी, पर असहयोगियों को अनदेखा करने का विकल्प नहीं होगा। प्रशासन का मानना है कि शहर को व्यवस्थित करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, लेकिन जहां नियमों की अनदेखी होगी, वहां कार्रवाई ही अंतिम भाषा होगी।

#### ठेले और अवैध पार्किंग बनी बड़ी समस्या

बड़ा बाजार, गांधी रोड, तहसील चौराहा, कोतवाली चौराहा, इंदौर नाका और भोपाल नाका जैसे इलाकों में ठेले वालों की मनमानी और अवैध पार्किंग सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा बन चुकी है। कई बार वाहन ठेले से टकरा जाते हैं और हादसे होते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं। लोग प्रतिदिन डर, झुंझलाहट और तनाव के बीच बाजार से निकलते हैं। अब उम्मीद बढ़ी है कि मार्किंग लाइन और सख्त जुर्माना इस अराजक व्यवस्था पर आखिरकार ब्रेक लगाएगा।

#### शहर में आई टोइंग वैन




बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वालों के लिए बुरी खबर शहर में आ गई है टोइंग वैन, अब इस टोइंग वैन से यातायात विभाग के जवानों द्वारा उन गाड़ियों को टो करके ले जाया जाएगा जो यातायात में बाधक बनती हैं। चालानी कार्रवाई के बाद ही वाहन छोड़ा जा सकेगा। इसलिए अब ध्यान देना कि वाहन हर कहीं पार्क न हो।

#### सख्ती के साथ निगरानी तभी बदलेगा शहर

जिन स्थानों पर अतिक्रमण हटाया जाएगा, वहां नियमित निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि हटाया गया कब्जा दोबारा न उभर आए। नपा टीम वार्डों का नियमित भ्रमण कर स्थिति का अवलोकन करेगी। शहर में इस समय 200 से अधिक जगहों पर कब्जे हैं, जिनमें कई स्थानों पर सड़क संकरी होकर गली जैसी बन चुकी है। ट्रैफिक, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड तक को निकलने में दिक्कत होती है। लोगों का जीवन दांव पर है, इसलिए सख्ती अब बेहद जरूरी हो गई है।

## दत्तक ग्रहण विषय पर कार्यशाला आयोजित



**सीहोर**। संचालनालय महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार सीहोर जिले में दत्तक ग्रहण (अडॉप्शवन) एवं फॉस्टर केयर से दत्तक ग्रहण विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बुधवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास के विभाग, पुलिस विभाग एवं बाल कल्यादण समिति के अध्यभक्ष एवं सदस्योंस की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यशाला का प्रारंभ में सर्जना यादव महोदया जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा किया गया एवं दत्तक ग्रहण के संबंध सभी प्रतिभागियों को अपनी भूमिका अनुसार बेहतर एवं बच्चों के सर्वोत्तएम हित में कार्य करने हेतु उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।

ज्ञानेश कुमार खरे, महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उक्त कार्यशाला का उदेश्य एवं इसकी आवश्यअकता के संबंध में सभी को अवगत कराते हुए जिज्ञासा पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्ता करने हेतु सभी हितधारको को निर्देश दिए गए। दत्तक ग्रहण एवं फॉस्टर केयर से दत्तक ग्रहण विषय पर तिलक दास बैरागी बाल कल्यापण समिति के सदस्यभ द्वारा पीपीटी के माध्यबम से बिन्दुसवार विस्ताएर पूर्वक सभी को जानकारी प्रदाय की गई। प्रतिभागियों के द्वारा भी कई बिन्दुकओं पर प्रशन किए जिनका निराकरण मोके पर किया गया।

कार्यशाला का संचालन रवि राठौर बाल कल्यापण समिति सदस्यक द्वारा किया गया एवं अध्ययक्ष मान सिंह सेन द्वारा सभी प्रतिभागियों को उक्तय प्रशिक्ष ण प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। उक्त कार्यशाला में प्रतिभागी के रूप में परियोजना अधिकारी समस्तश जिला सीहोर, एवं पर्यवेक्षक समस्तर जिला सीहोर एवं बाल कल्यारण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड एवं जिला कायार्लय के अधिकरी कर्मचारी एवं महिला एवं बाल विकास के सपोर्ट पर्सन समस्तो उपस्थित हुए एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

## शीतलहर से फसलों पर ओस जमी, न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री पहाड़ों से आ रही हवा ने सर्दी बढ़ाई, मावठे की संभावना

| दिन | न्यूनतम ताप. |
| --- | --- |
| 6 दिसंबर | 5.3 डिग्री |
| 7 दिसंबर | 5.3 डिग्री |
| 8 दिसंबर | 6 डिग्री |
| 9 दिसंबर | 6.5 डिग्री |

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर में शीतलहर बनी हुई है। न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हो रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रहा। खेतों में ओस जमने लगी है, जिससे ठंड का असर साफ दिख रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों से आ रही सर्द हवाओं के चलते मध्य प्रदेश के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. तोमर के अनुसार, आने वाले दिनों में मावठे (शीतकालीन वर्षा) की संभावना है। अगर बारिश होती है तो न्यूनतम तापमान और गिर सकता है तथा ठंड बढ़ने की उम्मीद है। जिले में तापमान पिछले दिनों से लगातार नीचे जा रहा है। 1 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस था, जो 10 दिसंबर को 6.7 डिग्री तक पहुंच गया। सीहोर में लगभग एक माह पहले ठंड ने दस्तक दी थी। इसके बाद से तापमान लगातार कम हो रहा है और अब लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगा है।

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर**। राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं।

दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा यूनिक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## संत गोविंद जाने की कथा के लिए समिति ने बनाई रणनीति

**24 से 30 दिसंबर तक आयोजित होगी कथा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत श्री गोविंद जाने की भव्य और विशाल कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा की तैयारियों को लेकर बुधवार को गोदन सरकार सेवा समिति द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समिति ने आगामी कथा के सफल आयोजन के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की, जिस पर बैठक में चर्चा हुई।



संत गोविंद जाने की कथा का आयोजन 24 दिसंबर से शुरू होकर 30 दिसंबर तक चलेगा। कथा का स्थान सिंधी कॉलोनी ग्राउंड निर्धारित किया गया है। गोदन सरकार सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि मालवा माटी के संत गोविंद जाने की कथा सुनने के लिए जिला मुख्यालय सहित आसपास के अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

श्रद्धालुओं की भारी तादाद को देखते हुए आयोजन समिति को उसी स्तर की व्यापक तेयारियां करनी होती हैं। बुधवार को आयोजित इस बैठक में कथा स्थल की व्यवस्था, पांडाल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन और श्रद्धालुओं के लिए बैठने तथा प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति ने सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी हैं, ताकि भव्य आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके।

### शहर के बस स्टैंड पर भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा

# धर्म और राष्ट्र दोनों ही लोगों का एक साझा इतिहास:संत दुर्गा प्रसाद कटारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



धर्म और राष्ट्र दोनों ही लोगों को एक साझा इतिहास, संस्कृति और मूल्यों से जोड़ते हैं, जिससे अपनेपन की भावना पैदा होती है। आज क्षेत्र के हर व्यक्ति को सनातन धर्म से जोड़ने का सिलसिला चल रहा है। कुछ लोग मानते हैं कि प्रेम, करुणा, न्याय और समानता जैसे सार्वभौमिक मानवीय मूल्य वास्तव में सभी विभाजनों को पार करके लोगों को एकजुट कर सकते हैं। शहर के बस स्टैंड पर बालाजी मंदिर की तर्ज पर भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। उक्त विचार बुधवार को मंदिर में समिति के संरक्षक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने कहे।

उन्होंने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में 2026 में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा।

मंदिर में समिति के संरक्षक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे, समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर, मंदिर के पुजारी अनिल शास्त्री, संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे। इस मंदिर की सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन हनुमान जयंती के पावन अवसर पर किया जाएगा। जनवरी तक मंदिर परिसर पूर्ण हो जाएगा, इसके उपरांत सात दिवसीय भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के लिए प्रसिद्ध धर्म आचार्यों की उपस्थित में भव्य आयोजन को पूर्ण किया जाएगा।

**हिंदू समाज को मजबूत करना** : उन्होंने कहा कि हमारे ब्रह्मलीन पिता द्वारा करीब 232 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है और हमारे द्वारा भी अब तक 88 से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी है और करीब 12 मंदिर निर्माणाधीन है। इन मंदिरों में शहर का हनुमान मंदिर करीब 60 वर्ष पूर्व ब्रह्मलीन सूरदास महाराज मनोहर दास द्वारा निर्मित किया गया था, जो दयनीय स्थिति में था, लेकिन अब राजस्थान से मंगवाए पत्थरों की नक्काशी से मंदिर अपने दिव्य स्वरूप में झलक रहा है। हमारा उद्देश्य हिंदू समाज को मजबूत करना है। इसके अलावा हिंदू जीवन दर्शन और आध्यात्म की रक्षा, संवर्दधन और प्रचार, विदेशों में रहने वाले हिंदुओं से तालमेल रखना, हिंदू और हिंदूत्व की रक्षा के लिए उन्हें संगठित करना है। धर्म उन लोगों की रक्षा करता है जो इसकी रक्षा करते है। इसलिए आप सभी सहयोग करे। अब तक पांच करोड़ रुपए क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं ने प्रदान किए है और आगे भी सहयोग मिलता रहेगा।

## गरीब कल्याण मिशन की गतिविधियों और लक्ष्यों के अनुश्रवण के लिए विभागीय समिति गठित

**सीहोर**। गरीब कल्याण मिशन की चिन्हित गतिविधियों और लक्ष्यों के अनुश्रवण के लिए राज्य शासन ने मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास की अध्यक्षता में विभागीय अनुश्रवण समिति का गठन किया है।

यह समिति मंत्रिमण्डल समिति के निर्णयों व निर्देशों के पालन की समीक्षा करेगी तथा इसकी बैठक हर तीन माह में होगी। समिति में अपर मुख्य सचिव—नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, वित्त तथा प्रमुख सचिव—लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी, सचिव, महिला एवं बाल विकास, संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन संचालक, स्वच्छ भारत अभियान, संचालक, पंचायत राज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को सदस्य बनाया गया है।

अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास को सदस्य सह-सचिव तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास को सदस्य सचिव बनाया गया है।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर**। औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

खबर संक्षेप

## हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने पद से दिया त्यागपत्र



सीहोर। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष आशीष गुप्ता पद से दिया त्यागपत्र हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक मंडल को दिया है। जिसमें श्री गुप्ता ने कहा है कि मेरा कार्यकाल 3 वर्ष का पूर्ण होने एवं पारिवारिक जिम्मेदारियाँ के चलते मैं अपने अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देते हुए हिंदू उत्सव समिति की संपूर्ण कार्यकारिणी निरस्त करता हूं एवं शहर के सभी सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक संगठन एवं सभी साथियों का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने बीते तीन वर्षों में मुझे तन मन धन से सहयोग देकर कार्यकाल को सफल बनाया एवं शीघ्र ही नवीन कार्यकारिणी का गठन कर अध्यक्ष का चुनाव का कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

## मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कंपकंपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें औरखिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहने एवं हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कूलर, टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादिमेंको ढक कर रखें तथा अधिक दिनों तक यहां पानी जमा न रहने दें। यह मच्छर दिन के समय काटता है। कपड़ों से बदन को पूरी तरह ढ़ककर रखें। लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# सभी पेट्रोल पंपों पर 31 तक पीयूसी चेकिंग यूनिट स्थापित अवश्य करें: कलेक्टर सिंह

### कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक, नगरीय निकायों के मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम देवास आनंद मालवीय, डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिला परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि जिले में संचालित हो रहे कर्मिशियल वाहनों की पीयूसी चेक करने का कार्य तेजी से करें। जिले के सभी वाहनों की शत-प्रतिशत पीयूसी चेक होनी चाहिए, ताकि वाहनों से प्रदूषण न फैल सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों के फिटनेस, परमिट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की चेकिंग सतत जारी रखें तथा कार्रवाई भी करें। उन्होंने खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल पंपों पर पॉप्लूशन अंडर कंट्रोल यूनिट (पीयूसी) स्थापित करवाने की कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि देवास शहर के सभी पेट्रोल पंपों पर 31 दिसंबर तक तथा जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर 31 जनवरी 2026 तक पीयूसी स्थापित होना चाहिए नहीं तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।सिंह ने कहा कि देवास में प्रदूषण न बढ़े, इसके लिए ज्यादा से ज्यादा प्लांटटेशन किया जाएं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए आमजन को भी प्रेरित करें तथा पौधारोपण के महत्व के बारे में भी बताएं। ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे रहेंगे तो प्रदूषण नहीं बढ़ेगा। यातायात प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम देवास को निर्देश दिए कि चिंहित सभी लेफ्ट टर्नों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। यह कार्य प्राथमिकता से करें। उन्होंने पीड़ब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि सभी चिंहित ब्लैक स्पॉट को हटाने की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हों। बैठक में पीओ डूडा को निर्देश दिए कि नगरीय निकायों के प्रमुख मार्गों एवं अन्य स्थानों से अतिक्रमण शीघ्र हटाएं तथा इसकी सूचना जिला कार्यालय को भी दें। उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों पर अस्थाई दुकानें को अन्य जगह स्थानांतरित करें, जिससे की यातायात बाधित न हों। नरवाई प्रबंधन के लिए जिले में उपलब्ध कृषि यंत्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कृषकों को रोटावेटर, स्टॉरीपर, सुपर सीडर, मल्चर सहित अन्य नरवाई प्रबंधन उपकरणों से किसानों को अवगत कराएं तथा उनका लाभ भी बताएं। जिन कृषि यंत्रों पर शासन द्वारा सब्सीडी दी जा रही है, उसके बारे में भी किसानों को अवगत कराएं।कलेक्टर ने सीएम मॉनिट, सीएम हाउस, सीएम हेल्पलाइन, न्यायालय में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण के निर्देश दिए। टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर जिला अधिकारियों को टीएल प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

## स्वास्थ्य सेवाओं की आगामी कार्य योजना को लेकर बैठक आयोजित

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय में समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई।

बैठक का संचालन वरिष्ठ संयुक्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. एवं ओआईसी सीहोर द्वारा किया गया, जिसमें सिविल सर्जन, डीएचओ-1 एवं 2, समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, विकासखण्ड मेडिकल ऑफिसर्स, बीपीएम, बीसीएम और बीएएम सहित सभी संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले की आवश्यकताओं के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं, वित्तीय प्रावधानों, मानव संसाधन, मोबिलाइजेशन, उपकरणों आदि के आकलन कर सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को शासन की गाइडलाइन के अनुरूप प्राप्त निर्देशों की विस्तृत समझाइश दी गई और आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए गए। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एसएनसीयू, एनसीडी, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत निरामयम, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, आईडीएसपी, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण, टीकाकरण कार्यक्रम, एनक्यूएएस/कायाकल्प, सीएम हेल्पलाइन आदि सेवाओं की प्रगति और समुदाय की वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप इन्हें और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा कर आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई तथा उनके समाधान के सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

## आज किया जाएगा नव नियुक्त युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर का स्वागत

**सीहोर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का गुरुवार को नगर में प्रथम आगमन और राजधानी भोपाल में उनके पदभार ग्रहण समारोह को लेकर शहर के सैकड़ाखेड़ी पर श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के द्वारा भव्य रूप से दोपहर बारह बजे पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा और स्मृति चिन्ह भी सौंपा जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा के युवा नेता धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि हमारे समाज के युवा को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसको लेकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर शाजापुर से राजधानी भोपाल में पहुंचेंगे। सैकड़ाखेड़ी पर श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के द्वारा भव्य रूप से दोपहर बारह बजे सम्मान कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# मनकामेश्वर महादेव मंदिर से निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

### शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल ने दिया श्रीमद् भागवत कथा का आमत्रण



**सीहोर।** बुधवार सुबह शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल के प्रमुख संरक्षक एवं वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय को क्रिसेंट रिसोर्ट पहुंचकर शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष मनोज शर्मा और संयोजक शंकर लाल शर्मा के द्वारा सिंधी कॉलोनी मैदान पर आगामी 14 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन का आमंत्रण पत्र प्रदान किया।

शिव शक्ति संस्कृतिक महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति सोनी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा को लेकर मंडल के द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है। शहर के प्रमुख मोहल्लों कॉलोनी में पहुंचकर श्रद्धालुओं को अक्षत हल्दी भेंट कर श्रीमद् भागवत कथा का आमंत्रण किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा वाचक सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया के द्वारा श्रद्धालुओं को 7 दिनों तक दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का श्रवण कराया जाएगा। कथा पंडाल में महिला श्रद्धालुओं के बैठने की विशेष व्यवस्था की जाएगी और प्रतिदिन भजन कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। सिंधी कॉलोनी मैदान पर 11 दिसंबर गुरुवार दोपहर में कथा आयोजन के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 14 दिसंबर को मनकामेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकल जाएगी। शहर के प्रमुख मार्गो से कलश यात्रा सिंधी कॉलोनी मैदान पर पहुंचेगी।

## नये पंजीयन करने वालों के लिए बनेंगे जीएसटी सेवा केंद्र

**सीहोर।** जीएसटी के नये पंजीयन लेने वाले व्यक्तियों में हाई रिस्क स्कोर के अंतर्गत आने वाले व्यवसाईयों के बायोमेट्रिक से आधार का सत्यापन करने के लिए जीएसटीएन की मदद से जीएसटी सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

नये डाटा एनालिसिस एंड मॉनिटरिंग कार्य से संबंधित नये प्लेटफार्म दिशा - डेटा इंटेलिजेंस सिस्टम फॉर हॉलिस्टिक एनालिसिस का उपयोग शुरू कर दिया गया है। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विभाग की समीक्षा के दौरान कही।

विभाग द्वारा जीएसटीएन, जीएसटी प्राइम, एनआईसी, ई-वे बिल जैसे विभिन्न पोर्टल पर उपलब्ध लगभग 105 रिपोर्ट को फील्ड अधिकारियों को देकर कर ऑनलाइन वेब पेज के माध्यम से कर चोरी के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वरिष्ठ संयुक्त संचालक ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, आगामी कार्ययोजना के संबंध में की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. प्रज्ञा तिवारी द्वारा सीहोर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आगामी वित्तीय वर्ष के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, वित्तीय प्रावधानों, मानव संसाधन, मोबिलाइजेशन, उपकरणों आदि के आकलन कर सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एसएनसीयू, एनसीडी, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत निरामयम, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, एनक्यूएएस, सीएम हेल्पलाइन सहित अनेक सेवाओं एवं बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आगे की कार्ययोजना के चर्चा की गई। बैठक में सीएमएचओ सुधीर डेहरिया, सिविल सर्जन डॉ उमेश श्रीवास्तव सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अपहृत नाबालिग बालक को खोजा, परिजनों को सकुशल सौंपा, मामला दर्ज



**सीहोर।** इछावर थाना पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बच्चे को सुरक्षित ढूंढ निकाला और परिजनों के हवाले कर दिया। मामला 2 दिसंबर का है। परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई कि उनका नाबालिग बेटा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

टीम ने बच्चे को सकुशल बरामद कर परिवार को लौटाया

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम ने बच्चे की तलाश हेतु कई जगह खोजबीन की और लगातार पता-तलाश के बाद बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया। बच्चे को आवश्यक कार्रवाई के बाद उसके परिवार को सौंप दिया गया।अभियान में थाना प्रभारी पंकज कुमार वाडेकर, टीम प्रभारी उपनिरीक्षक शिवलाल वर्मा, प्रधान आरक्षक राजेश तिवारी, आरक्षक कपिल, आरक्षक नरेंद्र जाट और सैनिक विक्रम की सराहनीय भूमिका रही।

## एक माह मांगलिक कार्य पर रोकः पं. गणेश शर्मा

**सीहोर।** साल 2025 का आखिरी महीना दिसंबर खास होता है, क्योंकि इस महीने के बीच से खरमास शुरू होता है। खरमास में कोई भी शुभ-मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। खरमास के एक महीने में सभी शुभ-मांगलिक कार्य जैसे सगाई, शादी, गृह प्रवेश, मुंडन, नए काम की शुरुआत करना निषिद्ध होता है।

ज्योतिष पद्म भूषण स्वर्ण पदक प्राप्त ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास शुरू होगा और सूर्य के धनु राशि से निकलते ही खरमास समाप्त हो जाएगा। इस साल 16 दिसंबर से खरमास शुरू होगा और 14 जनवरी 2026 को समाप्त होगा। 16 दिसंबर को धनु संक्रांति है, इसी दिन सूर्य गोचर करके धनु राशि में प्रवेश करेंगे। खरमास में वर्जित हैं ये काम पंडित शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में खरमास को अशुभ समय माना गया है। नया घर, संपत्ति, वाहन खरीदना भी खरमास में अशुभ माना जाता है। खरमास में पूजा-पाठ, ध्यान-साधना करना बहुत शुभ होता है। इस समय में विशेष रूप से सूर्य की पूजा की जाती है। लिहाजा रोज तांबे के पात्र से सूर्य को जल चढ़ाएं। सूर्य मंत्र पढ़ें, दान-पुण्य करें, धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करें। खरमास को भगवान नारायण की विशेष आराधना, दान-पुण्य और सेवा का मास माना गया है।

# पीएम पोषण योजना और मां की बगिया का निरीक्षण कर विद्यार्थियों संग मध्याह्न भोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीहोर सर्जना यादव ने शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी तकीपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने माँ की बगिया का अवलोकन किया तथा शाला में कार्यरत समूह सदस्यों और रसोइयों से भोजन की गुणवत्ता, सामग्री उपलब्धता एवं संचालन प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता की सराहना की। इस अवसर पर शाला में शिक्षक एवं जनभागीदारी समिति के सहयोग से निर्मित मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण भी किया गया। सीईओ श्रीमती यादव ने निर्माण कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनभागीदारी के सहयोग से विद्यालयों के विकास कार्य तेजी से पूर्ण हो रहे हैं।

उन्होंने विद्यालय स्टाफ, समूह सदस्य, रसोइयों तथा उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामुदायिक सहभागिता से शिक्षा एवं पोषण योजनाएँ और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित की जा सकती हैं।

### महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस का आयोजन

# मनुष्य में मानवता तब है जब वह दूसरे का दर्द समझ सके: डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं शासकीय विधि महाविद्यालय, सीहोर द्वारा संयुक्त रूप से एक सार्थक एवं प्रभावपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जनभागीदारी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने मानवाधिकारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में मानवाधिकार केवल अधिकार नहीं, बल्कि सामाजिक सामंजस्य और न्यायपूर्ण व्यवस्था की आधारशिला हैं। मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "मनुष्य में मानवता तभी है जब वह दूसरे का दर्द समझ सके।" उन्होंने मानवाधिकारों को मात्र विधिक प्रावधान न मानकर एक संवेदनशील सामाजिक एवं मानवीय जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित जिला लीगल एड अधिकारी जीशान खान ने मानवाधिकार संरक्षण, विधिक सहायता तंत्र तथा संवैधानिक कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को न्यायिक जागरूकता बढ़ाने, समाज में समानता स्थापित करने तथा अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से मानव अधिकारों को समझाया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय विधि महाविद्यालय, सीहोर के प्रभारी प्राचार्य राजकुमार साहू एवं कार्यक्रम का संयोजन दुष्यंत कौल द्वारा किया गया। दोनों महाविद्यालयों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं चिंतनशील सिद्ध हुआ। मानवाधिकारों की गरिमा, समानता और न्याय के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।




# हनुमान मंदिर निर्माण के लिए हटाए गए अतिक्रमण पर नागरिकों ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला मुख्यालय के रामनगर कॉलोनी दोराहा में हनुमान मंदिर समिति द्वारा मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है। परन्तु मंदिर की जगह पर अतिक्रमण हो रहा था, नागरिकों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय एवं तहसीलदार श्री देशमुख उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मंदिर समिति एवं नागरिकगणों द्वारा शासन/प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से समिति अध्यक्ष रामनिवास मीणा, ललित दांगी, केशव यादव, राहुल नायक, रोहित ठाकुर, रोहित मेहर, विजय जाटव, अमर सिंह माली, दिनेश विश्वकर्मा, सुरेश जाटव एवं किशन लाल जाटव, सुमित मेहर प्रीतम जाटव, गोपाल नायक, आकाश अहिरवार एवं समस्त समिति के कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे और सभी ने विधायक एवं तहसीलदार महोदय का धन्यवाद व्यक्त किया है।



### लापरवाहियों पर जेएसओ व सचिव की वेतनवृद्धि रोकी, डीएसओ को नोटिस

# प्रशासन और आमजनों के बीच सेतु बना 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु जिला प्रशासन द्वारा 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरूआत की गई है। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है। इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता को आमने-सामने बैठाकर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा शिकायतों का समाधान करते हैं। आयोजित कार्यक्रम के तहत खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग की कुल चिन्हित 6 समस्याएं रखी गईं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए मौके पर ही उनका समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान किए। यह पहल न केवल अधिकारियों में जवाबदेही स्थापित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद भी स्थापित कर रही है। 'संवाद से समाधान' ने आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता को और मजबूत किया है।

#### 2 की वेतनवृद्धि रोकी डीएसओ को नोटिस

आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिकायतकर्ता हरिसिंह तंवर निवासी ग्राम मोतीपुरा ब्लॉक राजगढ़ ने बताया कि उनके बच्चे लोकेश, रिंकी एवं खुशी का नाम समग्र आईडी में नहीं है। आवेदक का कहना है कि राशन पर्ची में सदस्य के नाम भी नहीं जोडे जा रहे हैं जिससे उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टिर डॉ. मिश्रा ने इस शिकायत का लंबे समय से निराकरण नहीं करने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी स्वाती वायकर एवं मोतीपुरा के पंचायत सचिव हीरालाल गुर्जर की 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही जिला खाद्य अधिकारी अजीत कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

#### तीन साल से नहीं मिल पाई थी प्रसूती सहायता राशि

एक अन्य शिकायतकर्ता प्रियान्स ने बताया कि हितग्राही संतोष बाई तंवर पति जगदीश तंवर की डिलेवरी 13 अक्टूबर 2022 को जिला अस्पताल में हुई थी। जिसकी प्रस्तुंता सहायता राशि का भुगतान को तीन साल हो चुके हैं जो अभी तक नहीं मिल पाया है। कलेक्टंर डॉ. मिश्रा के निर्देशन पर हितग्राही को तत्काल भुगतान कराया गया। शिकायतकर्ता मोहन तंवर द्वारा बताया गया कि हितग्राही कैलाशी बाई की डिलेवरी भी जिला अस्पताल में हुई थी लेकिन उन्हें भी अभी तक सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी ने बताया कि पोर्टल पर हितग्राही के बच्चे की गलत संख्या दर्ज होने से हितग्राही को लाभ नहीं दिया जा सका। कलेक्टर ने शिकायत की 07 दिवस में पुनः जांच कर हितग्राही को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इसी तरह दो अन्य शिकायतों का भी कलेक्टर ने मौके पर ही निराकरण करवाया।

### हरिभूमि की खबर को संज्ञान में लेकर नपा ने उठाया कदम

# नेवज के बैराज और पिलरों में लगवाने शुरू किए तरांपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर की जीवनदायिनी नेवज नदी नगर पालिका की अनदेखी के चलते दिनों-दिन सूखती जा रही थी। आलम यह था कि नदी के छोटे पुलिया का बैराज को अक्टूबर माह में ही तरांपे आदि लगाकर बंद कर दिया जाता था उसे दिसंबर तक भी बंद नहीं किया गया था। ऐसे में नदी में पानी न ठहरने से नेवज दिनों-दिन सूखती जा रही थी।

इसके साथ ही नेवज के समीप छारबाग में लगे नगर पालिका के इंटकवेल के समीप भी नदी का पानी लगातार कम होता जा रहा था। इस समस्या और आमजनों की मांग को लेकर हरिभूमि ने अपने 7 दिसंबर के अंक में 'अजनार जैसे गंदे और सूखे स्वरूप में पहुंचने लगी जीवनदायिनी नेवज' शीर्षक से एक खबर का प्रकाशन प्रमुखता से किया था। खबर प्रकाशन के 2 दिनों बाद ही मंगलवार से नगर पालिका प्रबंधन ने नेवज की छोटी पुलिया के बेरोज और पिलरों के बीच में तरांपे लगवाना शुरू कर दिए हैं। इस पहल से नेवज न केवल अपनी पुराने स्वरूप में लौटकर लबालब हो जाएगी वहीं आने वाले दिनों में आमजनों को पेयजल समस्या का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। नगर पालिका प्रबंधन ने बताया कि जल्द ही विसर्जन कुंड की सफाई भी चालू करवा दी जाएगी।

## भागीरथ शाक्य को मिली माचलपुर थाने की कमान

**माचलपुर**। लंबे समय से माचलपुर थाने की कमान महिला थाना प्रभारी पूजा परिहार के हाथों में थी। महिला होने से और पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते वह नगर व क्षेत्र में जनता के अनुरूप सक्रिय नहीं रह पाईं और उसका फायदा उनके अधीनस्थ कर्मचारी और नगर के अवैध कार्यों की गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों ने उठाया। जिसके कारण और वो बेखौफ होकर अपने कार्यों को अंजाम देते रहे। अब देखना है की नए थाना प्रभारी भागीरथ शाक्य के आने से नगर के ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार वा नगर से स्टेट हाइवे पर आए दिन लगाने वाले जाम और अवैध रूप से संचालित कार्यों पर रोक लगती है या नहीं।

## घोसी गली में सड़क-नाली निर्माण की मांग पर किया प्रदर्शन



**नरसिंहगढ़**। वार्ड क्रमांक 7 की घोसी गली में सड़क और नाली निर्माण न होने से नाराज रहवासियों ने मंगलवार को फूलबाग चौराहे पर मार्ग जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण ग्रोवर भी बैठ गए। स्थिति बिगड़ती देख नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे और आठ दिन के भीतर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। रहवासियों का कहना है कि वर्षों से सड़क नहीं बनी है और मुख्य मार्ग ऊंचा होने से नाली का पानी गली में भर जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। शिकायतों के बाद भी सुनवाई न होने से आंदोलन की नौबत आई। जाम लगने से मुख्य मार्ग पर आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, हालांकि पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से यातायात सुचारु कराया। नपाध्यक्ष कविता लोकेन्द्र वर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है और आठ दिनों में काम शुरू कर दिया जाएगा। वहीं पार्षद सोफी प्रवीण ग्रोवर ने चेतावनी दी कि यदि तय समय में कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे इस्तीफा देकर आंदोलन करेंगे।

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया, व्यापारी का लाइसेंस निरस्त करने की उठी मांग

# मारपीट के बाद भड़के किसान, समीर ट्रेडर्स के गोदाम में तोड़फोड़, लहसुन के बोरे बिखरे

**नरसिंहगढ़**। कृषि उपज मंडी में मंगलवार सुबह नीलामी के दौरान हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। ग्राम नाइहेड़ी के किसान के साथ समीर ट्रेडर्स के संचालक पक्ष द्वारा की गई कथित मारपीट के बाद आक्रोशित किसानों ने व्यापारी समीर ट्रेडर्स के गोदाम पर हंगामा कर दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस तुरंत मंडी पहुँची और किसान से बातचीत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। लेकिन पुलिस के जाते ही किसानों का आक्रोश बढ़ गया और बड़ी संख्या में किसान समीर ट्रेडर्स के गोदाम पर पहुँच गए। इस दौरान व्यापारी मौके से भाग निकले, जबकि गुस्साए किसानों ने गोदाम में रखे लहसुन के बोरे बाहर निकालकर सड़क पर बिखेर दिए और जोरदार विरोध जताया। घटना के बाद दोबारा पुलिस बल ने मौके पर पहुच मामले को शांत कराया। हालांकि संबंधित व्यापारी के खिलाफ किसानों में रोष व्याप्त है



#### पहले भी विवादों में रहा है समीर ट्रेडर्स

संबंधित फर्म संचालकों द्वारा किसानों से अभद्रता का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी कई बार किसानों से अभद्रता और भुगतान संबंधी विवाद के मामले सामने आते रहे हैं संबंधित संचालक का अपराधिक रिकॉर्ड होने की बात भी सामने आ रही है, जिससे मंडी में लगातार तनाव का माहौल बना रहता है। फिलहाल किसानों ने समीर ट्रेडर्स का मंडी लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग उठाई है।

#### यह है मामला

मंडी में नीलामी के दौरान किसान अपनी प्याज बेचने आए थे। नीलामी पूरी होने के बाद जब वे अपना माल लेकर व्यापारी समीर ट्रेडर्स के गोदाम पहुंचे, तो संचालक सलीम मंसूरी ने प्याज को खराब बताकर नीलामी में तय मूल्य से कम भुगतान करने की बात कही। किसान द्वारा आपत्ति जताने पर विवाद बढ़ गया और इसी दौरान सलीम मंसूरी के भांजे इमरान और इरफान मंसूरी ने किसान के साथ मारपीट की। जिसका वीडियो भी वायरल है।

## लीमाचौहान थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत

**सारंगपुर**। बुधवार को लीमाचौहान थाना क्षेत्र में घटित दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक का माहौल है। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। मृतकों का पोस्टमार्टम गुरुवार को सारंगपुर सिविल अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना में भ्याना निवासी लखन पिता अर्जुन अहिरवार (उम्र 29 वर्ष) की हराना जोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना में लीमाचौहान निवासी अनिल नरवले पिता कैलाश नरवले (उम्र 22 वर्ष) की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## नपा में सुरेश सेजकर का किया स्वागत विकास कार्यों पर की गई चर्चा

**सारंगपुर**। गुरुवार को नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत प्रमुख अभियंता पद से सेवा निवृत्त तथा वर्तमान में मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए) के मुख्य महाप्रबंधक, सागर सुरेश सेजकर शासकीय कार्य से नगर पालिका सारंगपुर पहुंचे। उनके नगर आगमन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे एवं नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा साफा बांधकर एवं फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेजकर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे से सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान नगर पालिका की कार्यप्रणाली, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा निकाय में संचालित विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। सेजकर ने नगर पालिका में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया और कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने पर जोर दिया।



## ट्रांसफर के 6 माह बाद भी नर्सिंग ऑफिसर को नहीं किया रिलीव

### सीएमएचओ ने जून में किए थे 15 नर्सिंग ऑफिसर के तबादले

**राजगढ़**। तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा ने 17 जून 2025 को एक आदेश जारी करते हुए 15 नर्सिंग ऑफिसरों के जिले ही जिले में स्थानांतरण किए थे। शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के अनुसार जिला स्तरीय संवर्ग स्थानांतरण समिति के अनुमोदन उपरान्त यह स्थानांतरण एक स्वास्थ्य संस्था से दूसरी संस्था में किए गए थे। उक्त आदेश जारी होने के छह माह बाद भी इन 15 नर्सिंग ऑफिसरों में से अधिकांश को कार्यस्थल के लिए रिलीव कर दिया गया। इसके उलट एक नर्सिंग ऑफिसर सुनीता बामदेवन को अभी तक उनके नवीन पदस्थापना स्थल के लिए रिलीव नहीं किया गया है। इनका तबादला जिला अस्पताल राजगढ़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर में किया गया था। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल से बात करने पर उनका कहना था कि जब यह स्थानांतरण हुए तब वे राजगढ़ जिले में पदस्थ नहीं थीं। वे इस मामले में संबंधित अधिकारियों एवं लिपिकों से चर्चा कर करेंगी।

## नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को प्रदाय किए नियुक्त पत्र

**खिलचीपुर**। विधानसभा खिलचीपुर अंतर्गत जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जनपद पंचायत जीरापुर में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका को जनपद पंचायत खिलचीपुर के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में पंचायत जीरापुर की 14 एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर की 11 नारी शक्ति को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी अंकिता जैन अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर, गोविंद सिंह सोलंकी सीईओ जनपद पंचायत खिलचीपुर, सुनील नैनावत जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, भारत तोमर मंडल महामंत्री खिलचीपुर, देवेन्द्र गौड़, गिरीश सोनी, अजय साहू, सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## सामाजिक समरसता द्वारा ही विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है: हार्दिक सक्सेना




**ब्यावरा**। अभाविप द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सुठालिया में सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में समरसता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग समन्वयक विद्या भारती- गुरु चरण गौड़ ,आरएसएस खंड कार्यवाह धर्मेन्द्र मीना मुख्य वक्ता हार्दिक सक्सेना ब्यावरा भाग संयोजक, सुठालिया सह.मत्री नीरज सोंधिया सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने सामाजिक समरसता के विषय पर प्रकाश डाला। समाज के सभी वर्गों, जातियों, धर्मो और पृष्ठभूमि के लोगों के बीच समन्वय, प्रेम, समानता, सहयोग, सद्भाव और एकता की भावना हो,जहाँ कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले, जिससे एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज का निर्माण हो सके। विविधता में एकता ही भारत की पहचान है। विविधता का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सामाजिक समरसता वह नींव है जिस पर एक मजबूत और विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है, जहां हर व्यक्ति महत्वपूर्ण महसूस करे और समाज के विकास में योगदान दे सके।

### आराध्या ट्रेडर्स ने गोदाम संचालक व वेयरहाउस प्रबंधक पर लगाए मिलीभगत के आरोप

# प्रभु वेयर हाउस की सरसों में थी 15 से 50 प्रतिशत तक मिट्टी

**ब्यावरा**। आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन घोटाला हो या फिर कर्मचारियों को मिलने वाला पेट्रोल भत्ते के बंदरबांट की बात। दोनों ही मामलों पर चुप्पी साधने वाले वेयरहाउस कार्पोरेशन भोपाल के रीजनल मैनेजर एवं राजेश अग्रवाल एवं प्रबंधक दीप्ती सिंह ने अनियमितता पर तो कोई जांच नहीं बैठाई। अपितु प्रभू वेयरहाउस के कहने पर 25 हजार हम्माली के न मिलने पर जरूर जांच बैठा दी। इससे दोनों अधिकारियों की कार्यशैली को समझा जा सकता है। जिसमें कलेक्टर की जांच में दोषी पाए जाने पर भी कर्मचारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्हें कौन अधिकारी बचा रहा है इसका उत्तर भी रीजनल मैनेजर और प्रबंधक को देना चाहिए। प्रभु वेयर हाउस के संचालक द्वारा 25 हजार की हम्माली भुगतान करने की बात की जब पड़ताल की गई तो पता चला की वेयर हाउस में रखी सरसों में 15 - 50 प्रतिशत तक मिट्टी होना पाया गया जिसके कारण गुना की आराध्या ट्रेडर्स को छांटकर बोरी उठाना पड़ी जिससे इस तरह की स्थिती बनी।

#### आराध्या ट्रेडर्स के मालिक बोले मिलीभगत से मिलाई गई मिट्टी

आराध्या ट्रेडर्स के मालिक अरविंद यादव ने बताया कि हमने नाफेड का सरसों वर्ष 2024-25 का 200 एवं 300 मेट्रिक टन दो अलग अलग डीओ के माध्यम से क्रय किया था। भुगतान के दौरान स्टेक टूटने पर स्टेक के अंदर रखी सरसों की बोरियों में 15 प्रतिशत से लेकर कुछ बोरियों में 50 प्रतिशत तक मिट्टी थी। इसी मिट्टी एवं खराब गुणवत्ता के चलते मिलिंग फैक्ट्री कोटा, जयपुर एवं अन्य जगह मेरा सरसों रिजेक्ट कर दिया गया जिसके चलते मुझे 20 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ।

#### प्रभु वेयर हाउस संचालक खराब बोरियां हटाने से कर रहा था इनकार

सरसों खरीदने वाली फर्म जब दूसरा डीओ उठाने प्रभु वेयर हाउस पहुंची तो इसके संचालक ने खराब बोरियां हटाने से मना कर दिया। जिस पर वेयरहाउस प्रबंधक दीप्ति सिंह एवं संजय दांगी को बुलाकर परखी लगाकर मिट्टी दिखाई गई। इसके बाद हरीश शाक्यवार पुनः छटनी के लिए तैयार हुए एवं संचालक व शाखा प्रबंधक की सहमति के बाद अधिक मिट्टी युक्त बोरियां पृथक की गईं। इसमें हम्माली की राशि के बारे में मुकद्दम से चर्चा हुई थी जिसमें उन्होंने 150 प्रति टन से मेरे द्वारा सीधे हम्मालों को भुगतान किया गया। वहीं अरविंद यादव आराध्या ट्रेडर्स ने आरोप लगाते हुए गोदाम संचालक सरसों में मिट्टी मिलाना एवं छंटनी की हम्माली मेरे से लेना नीति विरूद्ध है क्यों अधिकारी इस तरह के लोगों पर कोई कार्रवाई करेंगे या भविष्य में ऐसे वेयरहाउस को ब्लेक लिस्टेड करेंगे जिससे व्यापारियों का भरोसा बना रहे।



#### क्वालिटी घटिया होने के कारण प्रभु वेयरहाउस में 2024 से रखी है सरसों

सरसों की गुणवत्ताहीन होने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2024 से सरसों प्रभु वेयर हाउस में रखी हुई है और जिसका किराया भी सरकार को न चाहते हुए भी देना पड़ रहा है। प्रभू वेयर हाउस में रखी 6 हजार बोरियों की जांच फूड अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। अभी इसकी जांच अतिरिक्त प्रबंध संचालक वेयरहाउस द्वारा बनाई गई कमेटी कर रही है।

#### आरोप झूठा है...

मुझे कोई पैसे नहीं दिए गए है असत्य और झूठा आरोप हैं। हम्माली देने का काम व्यापारी स्वयं करता है, मेरे से इसका कोई संबंध नहीं।

संजय दांगी
सहायक गुणवत्ता नियंत्रक ब्यावरा वेयरहाउस

## खबर संक्षेप

### ससुर ने बहू पर लगाया आरोप, बहू ने भी कराई एफआईआर दर्ज

**देवास।** जिले के टिगरिया गोगा में एक पारिवारिक विवाद सामने आया है। ससुर और बहू ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर की है।70 वर्षीय बाबूलाल पटेल ने पुलिस में शिकायत की कि उनकी बहू ललिता ने सुबह उनके सिर पर हथौड़ी से हमला किया। घायल अवस्था में उन्हें उनके बेटे बंसी पटेल जिला चिकित्सालय ले गए, जहां उनका उपचार किया गया।बहू ललिता ने थाना पहुंचकर अपने ससुर, देवर, देवरानी और पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। ललिता पिछले दो साल से अपने तीन बच्चों के साथ अलग रह रही हैं और कोर्ट में उनके भरण-पोषण भत्ता का मामला चल रहा है।

### वॉश ऑन व्हील योजना की हुई शुरुआत

**देवास।** सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत जामगोद, क्षिप्रा एवं जनपद पंचायत सोनकच्छ की ग्राम पंचायत अगेरा के स्वच्छता मित्रों को स्वच्छता किट प्रदान कर ज़लि में वॉश ऑन व्हील योजना की शुरुआत की। योजना के तहत प्रत्येक स्वच्छता मित्र की सेक्टर की 10 से 12 पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों एवं व्यक्तिगत शौचालयों को ऑन डिमांड सेवायें प्रदान करेंगे।

### नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने पार्षद व अधिकारियों की उपस्थिति में किया निरीक्षण

# बढ़ती ठंड के चलते नगर पालिका ने रैन बसेरा के लिए जुटाई आवश्यक व्यवस्थाएं

शासन द्वारा नगरपालिका को आश्रय स्थल के स्थान पर रैन बसेरे जैसी सुविधा उपलब्ध कराई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शासन द्वारा नगरीय निकायों में गरीब, बेसहारा व वृद्ध नागरिकों के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्थाएं की है, किंतु स्थानीय नगरपालिका के पास आश्रय स्थल के स्थान पर स्वयं का रैन बसेरा है जहां पर गरीब, बेसहारा व वृद्ध गरीब आगंतुकों के लिए ठहरने की उत्तम व्यवस्था नगरपालिका द्वारा प्रदान की जाती है। बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए आज नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति की उपस्थिति में रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि ठंड से ठिठुरते गरीब व बेसहारा नागरिकों के लिए शासन ने रैन बसेरा जैसी महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई है। खुले आसमान में रात गुजारने वालों के लिए रैन बसेरा एक वरदान है। ठंड के दिनों में रात गुजारने के लिए वहां पहुंचने वालों को आदरपूर्वक सुविधा दी जाना सुनिश्चित हो इस हेतु चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है जिसका आने वाले सभी नागरिकों को लाभ दिलाएं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा नगरपालिका को आश्रय स्थल के स्थान पर रैन बसेरे जैसी सुविधा उपलब्ध कराई है, जो नए बसस्टैंड पर संचालित है।

रैन बसेरा को निकाय स्तर पर बेसहारा, गरीब नागरिकों के लिए सुरक्षित रखा गया है। कड़कड़ाती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए उक्त रैन बसेरा पर नागरिकों की सुविधा के लिए नए बिस्तर, चादर, पलंग सहित अन्य व्यवस्थाएं जुटाई है। सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि रैन बसेरा पर चौकीदारी व व्यवस्थाओं के लिए एक कर्मचारी बनवारीलाल पवांर को नियुक्त किया है जिसका मोबाईल नंबर 9753532033 है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने तैनात कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गरीब, बेसहारा व वृद्धजन किसी भी समय आश्रय हेतु आते है तो उन्हें सम्मानपूर्वक जगह देते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं, साथ ही नशा करने वालों को रैन बसेरा में नही प्रवेश करने दे।

अगर इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होती है तो मुझे सूचित करें संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, नपा में नेताप्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय, पार्षदगण रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान आदि मौजूद थे।

# तेंदुआ पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाया पिंजरा

### तेंदुए को पकड़ने शुरू हुआ रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

अहमदपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आसपास के गांव में लगातार तेंदुआ की मूवमेंट से ग्रामीण ओर किसान परेशान थे। वही ग्रामीणों ने तेंदुआ को पकड़ने के लिए विरोध कर रेस्क्यू के लिए ज्ञापन सौपकर पकड़ने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग का आमला पथरिया गांव पहुंचा। गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगाया है। पिंजरे में तेंदुए के चारे के लिए बकरी को भी बांधा गया है। क्षेत्र में लगातार तेंदुए का मूवमेंट जारी है, जिसके बाद वन विभाग का अमला पथरिया गांव पहुंचा और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। वन विभाग अहमदपुर डिप्टी रेंजर हरिप्रसाद डागर ने बताया की लगातार ग्रामीणों द्वारा तेंदुए की मूवमेंट की सूचना मिल रही थी। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौपकर वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी। बुधवार दोपहर 2 बजे बन विभाग के अमले के साथ गांव पहुचकर पिंजरा लगाया गया है।

पिंजरे में बकरी को चारे के रूप में बांधा गया है पिंजरा तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया है वन विभाग का अमला पथरिया गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए मौजूद है लगातार मूवमेंट टीम के द्वारा रखी जा रही है। हर एक घंटे पर अपडेट लिया जा रहा है एक चौकीदार और बीट प्रभारी को बोला गया है कि हर 1 घंटे में अपडेट ले।

### बिना गाड़ी के किस तरह होगा रेस्क्यू?

अहमदपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत लगभग 30 किलोमीटर एरिया लगता है। वहीं इस एरिया को कवर करने के लिए वन विभाग अहमदपुर के पास फोर व्हीलर गाड़ी भी उपलब्ध नहीं है। वन विभाग का हमला टू व्हीलर मोटरसाइकिल से ही सारे मूवमेंट पर नजर रखता है। वहीं इस एरिया को कवर करने के लिए एक बंदूक है। जिसे डिप्टी रेंजर के निर्देश से इस्तेमाल किया जा सकता है। अहमदपुर वन विभाग में संसाधनों की कमी से अहमदपुर वन विभाग जूझ रहा है। अब सवाल खड़ा होता है कि पर्याप्त संसाधन नहीं होने के बाद क्या वन विभाग द्वारा लगाया पिंजरा औपचारिकता ही रहेगा या फिर ग्रामीणों का विरोध बढ़ता देख पिंजरा लगाकर इति श्री करना चाहा है।

### पिंजरे में चारे के रूप में बकरी का इस्तेमाल

तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा जो पिंजरा लगाया गया है बताया गया है कि पिंजरे के पास तेंदुए को पकड़ने के लिए बकरी को रखा गया है ताकि तेंदुआ आए बकरी पर झपटे ओर पिंजरे में आसानी से फस जाए, फिलहाल वन विभाग ने ग्रामीण और किसानों के बढ़ते विरोध के चलते और ग्रामीणों की मांग के कारण पथरिया गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है।

# जिस घर में रामायण और गीता का पाठ होता है वहां पर यम के दूत नहीं आतेः मिट्ठूपूरा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सत्संग ,गीता, भागवत से ही व्यक्ति में संस्कार आते हैं। अपने बच्चों को गीता पढ़ाइए ताकि भविष्य में किसी कोर्ट में गीता पर हाथ ना रखने पड़े। संस्कार से ही अपराध रोक सकते हैं। सरकार से नहीं। उक्त बहुत ही प्रेरक प्रवचन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा नया दशहरा मैदान पर आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस मां सरस्वती के वरद पुत्र संत श्री मिट्ठूपुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। आज कथा से पूर्व शोभायात्रा निकल गई। यजमान कमल पांचाल द्वारा भागवत पोथी सर पर धारण कर व्यास पीठ पर स्थापित किया। समिति अध्यक्ष राजू राठौड़ मामा और संपूर्ण समिति द्वारा पूज्य महाराज श्री का शाल, श्रीफल, साफा बांधकर स्वागत किया। आगे गुरुदेव द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की महत्व को बड़े ही विस्तार से सुनाया। जब व्यक्ति के जन्म-जन्मांतर के संचित पुण्य का उदय होता है तब व्यक्ति को भागवत कथा सत्संग प्रवचन सुनने काल सौभाग्य मिलता है। गोस्वामी जी लिखते हैं। संत समागम हरि कथा जग में दुर्लभ दोय। सुत, दारा और लक्ष्मी पापी के भी होय। श्रीमद् भागवत श्री कृष्ण का शब्द रूपी शरीर है। इसके श्रवण दर्शन पूजन मात्र से व्यक्ति के करोड़ों पाप नष्ट हो जाते है। श्रीमद् भागवत कथा में 335 अध्याय 12स्कंद और 18000 श्लोक है। पाराशर नंदन वेदव्यास जी इसके रचयिता है। यह कथा भगवान श्री हरि के चरण कमल से ब्रह्म द्रव्य के रूप में चार श्लोक के रूप में ब्रह्मा जी ने सुना। फिर ब्रह्मा जी ने यह चार श्लोक अपने पुत्र नारद को दिए। फिर नारद ने यह चार श्लोक वेदव्यास जी को दिए ।और फिर वेदव्यास जी ने इन चार श्लोक को 18 हजार श्लोक में करके अपने पुत्र सुखदेव को श्रवण कराया। और फिर सुखदेव जी ने यह कथा राजा परीक्षित को सुनाई। इसके श्रवण से महाराज परीक्षित को मोक्ष प्राप्त हुआ। इसके अलावा भी अन्य कथाओं को बड़े ही भावपूर्वक श्रवण कराया। प्रसाद पत्रकार कमल पांचाल की ओर से वितरित किया गया। संचालन रतन सिंह डॉक्टर द्वारा किया गया। आज कथा में कान्हा दास,कमल पांचाल, गुलाब सिंहखेनियपुरा, ,बहादुर सिंह ठाकुर,राजेंद्र राठौड़ मामा, दीपकमोदी, फतेह सिंह खामखेड़ा, प्रेम जयससवाल,गजेंद्र सिंह, रतन सिंह डॉक्टर, सवाई सिंह दोनिया, रामप्रसाद प्रजापति, हेमंत राठौड़ सहित बड़ी संख्या में मात्र शक्तियों की उपस्थित रही।

# शास्त्री स्मृति उ.मा. विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशानुसार एवं विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा के मार्गदर्शन में ऋचा शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, आष्टा जिला सीहोर के द्वारा 10 दिसम्बर को मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में शास्त्री स्मृति उ.मा. विद्यालय आष्टा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती शर्मा ने कहा कि हर साल 10 दिसम्बर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है ताकि हम मानवाधिकारों के महत्व को समझें और उनकी रक्षा करने की जिम्मेदारी निभाएं एवं न्याय शांति तथा समानता की आधारशिला के रूप में मानवाधिकारों को रेखांकित करता है। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील शर्मा, डायरेक्टर प्रेम नारायण शर्मा, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### चार किलोमीटर दूर लेने जाना पड़ता है अनाज, वृद्ध महिलाएं पेंशन से वंचित, बीपीएल कार्ड की उठी मांग

**देवास ।** नगर परिषद लोहारदा के वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 में रह रही वृद्ध महिलाओं को बी.पी.एल. राशन कार्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई महिलाएं दिहाड़ी मजदूरी कर जीवन यापन कर रही हैं, उनके पास न तो कोई स्थायी आय का साधन है और न ही कृषि भूमि उपलब्ध है। वहीं राशन सोसाइटी नही होने से ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर अनाज लेने जाना पडता है। उक्त समस्या को लेकर कार्यालय नगर परिषद लोहारदा वार्ड क्रं. 9 पार्षद प्रमिला सिरसोर्ट वार्डवासी एवं ग्रामीणों के साथ मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन लेकर पहुंची। आवेदन में सिरसोट ने बताया कि पात्र वृद्ध महिलाओं के नाम बी.पी.एल. सूची में जोड़े जाएं और उन्हें शीघ्र राशन कार्ड जारी किया जाए, ताकि वे शासन की पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 में आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से संचालित न होने के कारण महिलाओं एवं बच्चों को पोषण एवं अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बरखेड़ी में ब्रजवासी जाटव समाज जनकल्याण समिति द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस उपलक्ष में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कवि सम्मेलन का शुभारंभ समिति अध्यक्ष शिवराज सिंह जाटव उपाध्यक्ष रमेश कुमार, महासचिव एडवोकेट देवी राम जाटव, कोषाध्यक्ष मनोज जाटव के द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के फोटो पर माल्यार्पण कर किया । कवि दिनेश भोपाली, गेंदालाल सूर्यवंशी, राहुल राठौर, राहुल ठाकुर, मंगला केवट, वीणा विद्या गुप्ता, रुपसिंह अनायास ने काव्य पाठ किया । कवियों ने बाबा साहब अम्बेडकर के जीवन चरित्र का वर्णन कविता और गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भोलाराम जाटव ,मनोज जाटव, दिनेश जाटव, दीपक कोटिया, गोलू अंगोलिया, विजय जाटव सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद रहे।

# 1 लाख और नौकरी का लालच देकर कराते थे धर्म परिवर्तन, 6 गिरफ्त में

**सीहोर।** जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय एक धर्म परिवर्तन गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। तीन महीनों से आदिवासी इलाकों में जाल बिछाकर ग्रामीणों को एक-एक लाख रुपये और नौकरी का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाला जा रहा था। रेहटी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम वीरपुर, भीलपाटी और खजुरी में रहने वाले कुछ लोगों द्वारा नियमित रूप से प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही थीं और इन सभाओं के माध्यम से हिंदू ग्रामीणों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। लेकिन धीरे-धीरे ये प्रेरणा जबरन दबाव और आर्थिक प्रलोभन में बदल गई।

ग्रामीणों को एक-एक लाख रुपये देने और नौकरी लगवाने का वादा कर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा था। पूरा मामला तब फूटा जब ग्रामीण लखन बारेला, सीताराम बारेला, रमेश बारेला और रायसिंह बारेला ने साहस दिखाते हुए एक लिखित शिकायत पुलिस को सौंप दी। शिकायत में साफ कहा गया कि रेम सिंह बारेला के घर पर गुप्त बैठकों में ईसा मसीह की तस्वीर, बाइबल और नकदी का प्रलोभन दिखाकर हिंदू धर्म छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा था। 9 दिसंबर की रात भी ग्रामीणों को जबर्दस्ती सभा में बुलाया गया और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया गया। घबराए ग्रामीणों ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि की। इसके बाद बिलकिसगंज थाना प्रभारी संदीप मीणा के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके से धार्मिक साहित्य, बाइबल की प्रतियां और धर्मांतरण से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए। वहां मौजूद सभी लोगों को तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। पुलिस ने प्रमुख आरोपी मुकेश बारेला, लखन बारेला, सीताराम बारेला, रेम सिंह बारेला, कुशमा बारेला और बीना बारेला कुल छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों पर धर्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी संदीप मीणा ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है और गिरोह की गतिविधियों की जांच जारी है।

### सांसद सोलंकी ने सदन में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दे को मुखरता के साथ उठाया

# बच्चों के परीक्षा-तनाव से लेकर त्रिभाषा फार्मूले पर की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लोकसभा में देवास-शाजापुर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दों को मुखरता से उठाया। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव, शिक्षकों की मानसिक दबाव की स्थिति और नई शिक्षा नीति 2020 के त्रिभाषा सूत्र के क्रियान्वयन पर दिए गए उनके सवालों ने सदन का ध्यान आकर्षित किया। जब लोकसभा में सांसद सोलंकी बोल रहे थे, तो उनके सवालों में उन अनगिनत बच्चों का तनाव और शिक्षकों की थकान झलक रही थी, जो हर दिन भविष्य की दौड़ में खुद को साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। सांसद सोलंकी ने परीक्षा भय से लेकर त्रिभाषा सूत्र तक, शिक्षा के ऐसे पहलुओं को सामने रखा जिन्हें समाज अक्सर अनदेखा कर देता है।

उन्होंने सदन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार मानते हुए कहा कि प्रधानमंत्रीजी ने देश में ऐसे बच्चों की चिंता की है, जो परीक्षा को लेकर बड़े तनाव में रहते थे। उन्होंने न केवल नेशनल एजुकेशन 2020 को लागू किया, बल्कि परीक्षा पे चर्चा कर उनके तनाव को दूर करने का काम भी किया। मेरा पहला प्रश्न है कि क्या एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुसार त्रिभाषा सूत्र का उपयोग सरकारी विद्यालय में होने लगा है, विशेष रूप से मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश के देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में। उनके प्रश्न के जवाब में शिक्षा राज्य मंत्री सुकांता मजूमदार ने कहा कि नेशनल एजुकेश पॉलिसी का मूलभूत आधार एक या दो या ज्यादा भाषाओं को सीखना है। इसके द्वारा हमने कई स्टेप पर काम किया है। थ्री लैंग्वेज फार्मूला यानी एक बच्चा अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करें, उसके बाद कोई एक भारतीय भाषा में पढ़े और उसके साथ-साथ इंग्लिश भी सीखे। सबसे ज्यादा ध्यान मातृभाषा पर दिया है। इसके लिए एनसीआरटी की 22 बुक्स को भारतीय भाषाओं में प्रिंट किया गया है। जो प्राइमर्स है, उन्हें 121 भाषाओं में छापा गया है। इसका उद्देश्य बच्चा अपनी लोकल भाषा है, उसमें पढ़ सके। इसके साथ-साथ पीएम ई विद्या है या दीक्षा प्लेटफार्म है, वहां भी मातृभाषा पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मप्र एनईपी का हिस्सा है, वहां भी थ्री लैंग्वेज फार्मूला लागू है।

### तनाव को दूर करने किया प्रश्न

सांसद सोलंकी ने दूसरे प्रश्न में न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षकों के तनाव को दूर करने से संबंधित प्रश्न किया। उन्होंने कहा कि आजकल विद्यालय में न केवल विद्यार्थी तनाव में है, बल्कि शिक्षक भी तनाव में रहते हैं। आपके पास कोई ऐसी कार्य योजना है, जिसके अंतर्गत सरकारी और प्राइवेट विद्यालय में शिक्षकों व विद्यार्थियों के तनाव को कम करने का कोई प्रावधान किया गया है। इसके उत्तर पर राज्यमंत्री ने कहा कि बच्चे पर से प्रेशर हटाने के लिए इस बार से क्लास 10 की जो एक्जाम आ रही है, उसमें सीबीएसई ने नए प्रावधान लागू किए हैं, साल में दो बार बच्चा एक्जाम दे सकेगा। ऐसा होने से उस पर प्रेशर कम होगा।

दो बार की एक्जाम में जिसमें ज्यादा नंबर आएंगे सीबीएसई उस ज्यादा नंबर को ही मार्क करेगा। इससे बच्चे परीक्षा के प्रेशर से बाहर निकल पाएंगे। उन्होंने कहा कि टीचर और स्टूडेंट के प्रेशर को घटाने के लिए हमने मनोदर्पण व्यवस्था भी शुरू की है।

# विधायक जयवर्धन सिंह का भौंरासा में किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक जयवर्धन सिंह का भोपाल से देवास जाते समय भौंरासा में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव इरफान मदनी के नेतृत्व में आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान चाय पर स्थानीय मुद्दों एवं जनसमस्याओं को लेकर चर्चा हुई।

कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की प्रमुख समस्या एसआईआर को लेकर विधायक जयवर्धन सिंह को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। इस अवसर पर पार्षद दीपेश कानूनगो, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, फजल उस्ताद, फैजान मदनी, सलमान पठान, राजकुमार ठाकुर, राजवीर ठाकुर, इरशाद सदाबहार, अली सदाबहार, फुरकान मदनी, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवा साथी उपस्थित रहे।